केन्द्रीयविद्यालयसंगठन/KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
(Min. of HRD, Deptt. of Education, Govt. of India)
18-संस्थागत क्षेत्र/18-Institutional Area
शहीदजीतसिंहमार्ग /Shaheed Jeet Singh Marg
नईदिल्ली-110016 /NEW DELHI - 110016
Tel: 26858566-211, Fax No.26514179
WWW.KVSANGATHAN.NIC.IN

फा.11029/05/2016/केविसं(मु)/शैक्षिक/जेमओ(भाग-II)/2781-2808 दिनाँक: 12.07.19

तत्काल-डाक/ई-मेल

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
सभी क्षेत्रीय कार्यालय

विषय:- अन्तराष्ट्रीय विजान ओलम्पियाड हेतु राष्ट्रीय मानक परीक्षा के संबंभ में।

महोदया / महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपको सूचित किया जाता है कि सभी स्तरों पर भौतकी शिक्षक एंव अधिगम को श्रेष्ठतर बनाने के लिए भौतिकी शिक्षक भारतीय संघ (आई.ऐ.पी.टी) नामक स्वैच्छिक संगठन देशभर में कार्यरत है। इस संगठन द्वारा भैतिकी, रसायन-शस्त्र, जीव विजान, खगोल विजान और जुनियर विजान (कक्षा 10 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए) विषयों में राष्ट्रीय मानक परीक्षा विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न स्तरों पर कई वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती रही है। इन परिक्षाओं में उच्च स्तर पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप पुस्तके, प्रमाण-पत्र और मैडल इत्यादि प्रदान कर समुचित रूप से सम्मानित किया जाता है। प्रत्येक विषय में उच्चतर 300-400 विद्यार्थियों को विजान शिक्षा हेतु भारत सरकार के नोडल केंद्र अर्थात होमी भाभा केंद्र (टी.आई.एफ.आर), मानखुर्द, मुंबई में भेजा जाता है वहां पर उनमें से फिर छंटनी करके भारतीय विजान ओलम्पियाड एंव अभिविन्यास सह-चयन शिविरों के द्वारा इन विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है तथा अंत में प्रत्येक विषय के पाँच विद्यार्थियों की एक टीम संबंधित अंतराष्ट्रीय ओलंपियाड में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया जाता है।

यह परीक्षा कक्षा 11 विं और 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए रविवार, 24 नंवबर, 2019 को और कक्षा 10 वीं तक जुनियर वर्ग के लिए रविवार, 17 नवंबर, 2019 को आयोजित होगी। केद्रों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 1 अगस्त, 2019 से प्रंरभ होंगें और भैतिकी शिक्षक भारतीय संघ (आई.ऐ.पी.टी) के केंद्र के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2019 है।

भौतिकी शिक्षक भारतीय संघ (आई.ऐ.पी.टी) द्वारा राष्ट्रीय मानक परीक्षा के विद्यालयों में आयोजित करने के लिए केन्द्रीय विद्यलय संगठन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा कक्षा-कक्षों के किराये को माफ कर दिया गया है।

अनुरोध है कि आप यह जाकारी अपने अधीनस्थ सभी केन्द्रीय विद्यलयों के प्राचर्यों को दें और उस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी करें।

भवदीय,

(डॉ ई प्रभाकर)
संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण)

प्रति:-

1. प्रोफेसर, के. सुब्रमण्यम, निदेशक, विजान शिक्षा होमी भाभा केंद्र, मुंबई एंव अध्यक्ष, विजान ओलम्पियाड, राष्ट्रीय संचालन समिति को सुचनार्थ।
2. प्रोफेसर, बी. पी त्यागी, मुख्य समन्वयकर्ता (परीक्षा), भौतिकी शिक्षक भारतीय संघ (टी.पी.ऐ.आई), 23 आदर्श नगर, रायपुर रोड़, देहरादुन (248001) ई-मेल आई डी : bptyagi@gmail.com को सुचनार्थ।
3. सहायक आयुक्त (ईडीपी), केविसं (मुख्या.) को केविसं (मुख्या.) की वेवसाईट पर अपलोड करने के लिए।